Seventeenth Loksabha

an>

Title: Regarding extension of Kalindi Express upto Prayagraj

श्री मुकेश राजपूत (फर्रूखाबाद): धन्यवाद सभापति महोदय । मेरे संसदीय क्षेत्र फर्रूखाबाद को देश की राजधानी दिल्ली से एकमात्र ट्रेन कालिंदी एक्सप्रेस जोड़ती है। यही एकमात्र ट्रेन कानपुर सेंट्रल से चलकर मेरे संसदीय क्षेत्र फर्रूखाबाद से दिल्ली होते हुए भिवानी तक जाती है।

महोदय, फर्रूखाबाद से प्रयागराज के लिए कोई सीधी एक्सप्रेसवे या रेल सेवा नहीं है। उसके कारण फर्रूखाबाद लोक सभा क्षेत्र के आस-पास के लोगों को, नौजवानों को शिक्षा के लिए, श्रद्धालुओं को संगम के लिए, किसानों को व्यापार के लिए और अधिवक्ताओं या आम जनमानस को हाई कोर्ट के लिए प्रयागराज तक जाने में भारी कठिनाई का सामना करना पड़ता है।

अत: मैं आपके माध्यम से माननीय रेल मंत्री जी से आग्रह करना चाहता हूं कि ट्रेन संख्या-14723/14724 कालिंदी एक्सप्रेस को बढ़ाकर प्रयागराज तक कर दिया जाए। यह ट्रेन कानपुर में लगभग छ: घंटे खड़ी रहती है। उत्तर-मध्य रेलवे के अधिकारियों ने रेलवे बोर्ड को कालिंदी एक्सप्रेस को प्रयागराज तक बढ़ाने की अपनी सहमति दे दी है।

महोदय, मैं आपके माध्यम से यह बताना चाहता हूं कि आनंद विहार एक्सप्रेस नामक एक साप्ताहिक ट्रेन चलती है, वह सिर्फ रविवार को ही चलती है। अतः मेरा अनुरोध है कि इस साप्ताहिक ट्रेन को सप्ताह में कम से कम 3 दिन कर दिया जाए।